हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024



### अब तक नहीं माने मिलर्स, असहयोग आंदोलन के चलते बिगड़ी व्यवस्था

# चार जिलों के 124 उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट पार, खरीदी पर संकट के बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिलर्स के असहयोग आंदोलन का असर अब धान खरीदी में दिखने लगा है। उठाव नहीं होने से उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। हालत यह है कि राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले के कुल 124 केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। अगले 48 घंटे में उठाव नहीं हुआ तो यहां नई खरीदी होना अंसभव नजर आ रहा है। इधर बारदाना को लेकर भी किल्लत की स्थिति बनते नजर आ रही है। मिलर्स द्वारा बारदाना उपलब्ध नहीं कराए जाने पर शार्टेज दिखने लगेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत हो चुकी है। राजनांदगांव सहित कवर्धा, खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले में 45 हजार किसानों से 22 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है। करीब दस दिन की खरीदी के बाद भी अब तक उठाव नहीं शुरू हो पाया है। ऐसे में केंद्रों में भी जाम के हालात निर्मित हो गए हैं। समिति प्रबंधकों ने अपने-अपने जिलों में प्रशासन को स्थिति से अवगत करा दिया है, लेकिन जब तक मिलर्स उठाव करने को लेकर तैयार नहीं होंगे, हालत सुधरने की संभावना कम नजर आ रही है।

इधर राईस मिल एसोसिएशन की प्रदेशव्यापी विरोध का भी समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। भाड़ा दर में कटौती के विरोध में किसी भी जिले में परिवहन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा मिलर्स ने बारदाना उपलब्ध कराने से भी इंकार कर दिया है। मिलर्स के असहयोग का खामियाजा अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है।



### नांदगांव में स्थिति गंभीर

चार जिलों में जाम के सबसे बुरे हाल राजनांदगांव जिले के हैं। यहां कुल 60 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। जबकि राजनांदगांव जिले में कुल 96 उर्पाजन केंद्र खरीदी के लिए बनाए गए हैं। वहीं खैरागढ़ जिले के 39 में से 35 और मोहला-मानपुर जिले के 19 उपार्जन केंद्रों में से छह में बफर लिमिट पार हो गई है। ऐसे ही कवर्धा जिले की 23 समितियों में भी बफर लिमिट पार होने से खरीदी प्रभावित हो रही है।

**चाहिए 70 लाख बारदाने** : धान खरीदी के लिए कुल 16 हजार गठान लेना है। प्रशासन द्वारा साढ़े 13 हजार गठान का सत्यापन कार्य किया जा चुका है। वहीं अब तक ढाई हजार गठान बारदाना उपार्जन केंद्रों को दे चुके हैं। मिलर्स खरीदी के लिए 50% नए और 50% पुराने बारदाने उपलब्ध कराते हैं। वहीं सूत्रों की माने तो करीबन 70 लाख बारदाने खरीदी के लिए लगने हैं। जिसमें अब तक 7 लाख के करीब ही बारदाने मिल पाए हैं।

### नए बारदाने की कमी

मिली जानकारी के अनुसार जिले में फिलहाल धान खरीदी पीडीएस के बारदाने के जरिये हो रही है, लेकिन कुछ दिनों में नए बारदाने की जरूरत होगी। ऐसे में यदि मिलर्स बारदाना उपलब्ध नहीं कराते हैं तो समस्या आ सकती है। ज्ञात हो कि जिले के कई धान खरीदी केंद्र ऐसे हैं, जहां पुराने बारदाना की कमी है। आने वाले दिनों में किसानों से ही बारदाना मंगाया जा सकता है। नए बारदाना अभी लगभग सभी खरीदी केंद्रों में पर्याप्त है। आने वाले दिनों में धान की आवक ज्यादा होगी। अब डीएमओ खरीदी केंद्रों में बारदाना की व्यवस्था बनाने में लगे हैं।

### उठाव की शुरूआत होने से सुधरेगी स्थिति

### टोकन के लिए भी वेटिंग

परिवहन और बारदाना संकट से जूझ रही धान खरीदी में किसानों को टोकन नहीं मिलने की समस्या भी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन एप से ही अगले 10 दिनों के लिए किसानों ने टोकन ले लिया है। ऐसे में समितियों तक पहुंचकर अपना टोकन लेने के लिए पहुंचने वाले किसानों को 6 दिसंबर के बाद की तारीख ही धान बिक्री के लिए दी जा रही है। हालांकि अब शासन ने ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन की सीमा तय कर दी है।

## आज से प्रशासन कराएगा केंद्रों से धान का परिवहन

### 4 संग्रहण केंद्रों में रखेंगे धान

**राजनांदगांव।** धान खरीदी को शुरू हुए 13 दिन बीत जाने के बाद भी परिवहन शुरू नहीं होने से निर्मित हो रही जाम की स्थिति से निपटने की कवायद अब प्रशासन ने शुरू कर दी है। जिले में चार संग्रहण केंद्रों में धान रखने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके लिए जैम पोर्टल के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया भी कर ली गई है। अब शासन से अप्रुवल मिलने के बाद आज से उठाव भी शुरू कर दिया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन की गतिविधियों को तेज करने के लिए बीते दिनों प्रशासन ने एक टेंडर निकाला था। जिसके जरिये उन केंद्रों से धान उठाव कराया जाएगा, जहां बफर लिमिट से अधिक धान जाम हो गया है। जिले के सभी चार संग्रहण केंद्रों को ही इसके लिए चयनित किया गया है। जिसमें बीजेभांठा, सिंघोला, कलकसा एवं शिवकाटोला स्थित संग्रहण केंद्र शामिल है।

### अब तक 20 लाख क्विंटल खरीदी

राजनांदगांव, मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले को मिलाकर अब तक करीबन 20 लाख क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। इनमें नांदगांव जिले में 11.50 लाख, खैरागढ़ जिले में 6.20 लाख क्विंटल एवं मोहला-मानपुर जिले में 2.50 लाख क्विंटल खरीदी शामिल है। अब तक एक दाना भी धान का उठाव नहीं हो पाया है। यही कारण है कि स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए राजनांदगांव जिले में उठाव का जिम्मा प्रशासन ने उठा लिया है।

## पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से हादसे में घायल हुए युवक की भी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव-कवर्धा रोड में सोमवार शाम शहर से दो किमी आगे कवर्धा रोड जयराम तालाब पिपरिया के पास गंडई पुलिस पेट्रोलिंग वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को बुरी तरह रौंद दिया था। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरे युवक की मौत देर रात मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव जाते समय रास्ते में हो गई।

सोमवार शाम को गंडई पुलिस का वाहन किसी आपराधिक मामले के मुल्जिम को डोंगरगढ़ जेल दाखिला कर वापस गंडई लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा में आ रहे समीर और प्रकाश की मोटर साइकिल उससे टकरा गई। ठोकर से बाइक सवार युवक दूर जा गिरे। जिससे एक युवक प्रकाश पिता सुखदेव यादव 31 साल निवासी कलेवा की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा युवक अटल आवास निवासी समीर पिता इस्माईल खान प्राथमिक उपचार बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया था, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के शव को शिनाख्ती के लिए मरच्युरी में रखवाकर फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया था। देर रात उसकी पहचान कलेवा निवासी प्रकाश पिता सुखदेव यादव के रूप में हुई।

सुबह पीएम के लिए पहुंचे परिजनो ने बताया कि प्रकाश अपनी आपराधिक प्रवृत्तियों के चलते घर-परिवार से दूर रहता और बीते चार-पांच साल से गांव ही नहीं आया है।

## अंबेडकर चौक में शराब दुकान के प्रस्ताव से बौद्ध समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अवैध शराब की बिक्री को खत्म करने के लिए नई शराब दुकानें खोली जा रही है। बीते दिनों शहर के चिखली क्षेत्र में शराब दुकान खोली गई थी। वहीं अब शहर के अंबेडकर चौक में भी शराब दुकान खोले जाने के प्रस्ताव को लेकर बौद्ध समाज ने आक्रोश जताया है। समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर बौद्ध समाज के लोग आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगों ने आक्रोश जताया। समाज के राजू बारमारे और डॉ. केएल टांडेकर ने कहा कि समाज को ज्ञात हुआ है कि शासन द्वारा अंबेडकर चौक पर शराब दुकान खोले जाने का प्रस्ताव दिया गया है। जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यह चौक संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से है और यहां शराब दुकान खुलने से समाज के लोगों की भावना आहत होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बौद्ध समाज के लोगों ने कहा कि यह चौक हमारी आस्था का प्रतीक है। हम शराब दुकान खोले जाने का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि स्थल को लेकर समाज के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर चौक पर शराब दुकान खोले जाने से माहौल खराब होगा।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में शराब दुकान खोले जाने के मामले को लेकर समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते इस शराब दुकान को कहीं और खोलने की मांग की है। वहीं इस चौक पर शराब दुकान खोला जाता है तो समाज के लोगों द्वारा उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है।

## दृष्टिबाधित छात्र से मोबाइल छीनकर भागा लुटेरा, फुटेज खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दिग्विजय कॉलेज में पढ़ने वाले बीए सेकंड ईयर के दृष्टिबाधित छात्र के साथ मोबाइल लूट की वारदात सामने आई है। अज्ञात लुटेरे ने छात्र रोशन कुमार को रोका और उसे अपनी बातों में उलझा कर उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया।

बीए सेकंड ईयर के दृष्टिबाधित छात्र रोशन कुमार अपने एक अन्य दृष्टिबाधित दोस्त के साथ जा रहा था, तभी दिग्विजय कॉलेज के समीप सुबह लगभग 11.30 बजे रास्ते में उन्हें एक मोपेड सवार युवक ने रोका और अपने मोबाइल फोन की बैटरी खत्म होने की बात कहकर छात्र रोशन कुमार से उसका फोन मांगा। आरोपी ने कहा कि उसे अपने भाई को फोन करना है, जो दिग्विजय कॉलेज में पढ़ता है, लेकिन उसके फोन की बैटरी डाउन हो गई है। इस वजह से वह अपने फोन को कॉल नहीं कर पा रहा है। इसके बाद पीड़ित रोशन कुमार ने आरोपी से नंबर पूछकर अपने फोन से



डायल किया तो मोबाइल स्विच ऑफ आया। इसके बाद पीड़ित रोशन कुमार ने सोचा कि शायद उससे नंबर डायल करने में गलती हुई होगी, तो उसने अपने साथ चल रहे दोस्त से नंबर डायल करने कहा, तब भी मोबाइल फोन स्विच ऑफ आया। इसके बाद दोनों वहां से जाने लगे, तभी मोपेड सवार अज्ञात लुटेरे ने रोशन के हाथ से उसका मोबाइल फोन छीन लिया और गाड़ी स्टार्ट कर फरार हो गया।

### लुटेरे की तलाश में जुटी पुलिस

पीड़ित द्वारा मामले की सूचना आवेदन के माध्यम से बसंतपुर थाना में दी गई है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि पीड़ित द्वारा लुटेरे के बताए गए हुलिये के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पीछा नहीं कर पाए छात्र

मोबाइल लूट के शिकार हुए दृष्टिबाधित छात्र अज्ञात आरोपी का पीछा नहीं कर पाए। पीड़ित रोशन के साथ चल रहे उसके दोस्त की हल्की दृष्टि होने के चलते उसने आरोपी का हुलिया लंबे व्यक्ति के रूप में पहचान की है और आरोपी द्वारा मुंह पर मास्क लगाना बताया है।

### परीक्षा में होगी समस्या

लूट के शिकार हुए दृष्टिबाधित छात्र रोशन कुमार ने कहा कि वह हॉस्टल में रहकर शासकीय दिग्विजय कॉलेज में पढ़ाई करता है। आगामी 17 दिसंबर से उसके सेमेस्टर एग्जाम शुरू होने वाले हैं। उसकी पढ़ाई से संबंधित सभी डाटा उसके मोबाइल फोन पर ही था। ऐसे में अब अपनी परीक्षा की तैयारी कम समय में नहीं कर पाएगा। जिससे उसे परीक्षा देने में दिक्कत होगी।

## महाराष्ट्र से धान का अवैध परिवहन, 290 कट्टा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी पाटेकोहरा पर चेकपोस्ट बनाया गया है। जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी कड़ी में खाद्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम दामाबंजारी के पास महाराष्ट्र राज्य से लाए जा रहे 2 वाहनों में लोड 290 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर खाद्य विभाग की टीम सहायक खाद्य अधिकारी द्रोण कामडे और खाद्य निरीक्षक अंगद ठाकुर द्वारा रात्रि 3 बजे अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्र ग्राम दामाबंजारी के पास अवैध धान परिवहन करने पर जब्ती की कार्रवाई की। जब्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है।

### किसान के घर डंप करने की थी तैयारी

महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने के लिए ग्राम गैंदाटोला और पथराटोला के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा में जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## पार्किंग स्थल, गहराया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शीतला मंदिर परिसर के समीप वार्ड नंबर 25 के लोगों की सुविधा के लिए स्थानीय पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा पार्किंग स्थल बनवाया जा रहा है। जिसको लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पार्षद ने वार्ड के भाजपा पदाधिकारी पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा पदाधिकारी ने पार्षद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाएं हैं।

मां शीतला मंदिर के समीप खाली जगह पर पार्किंग बनाने को लेकर वार्ड पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि वार्ड में कई सकरी गली है, इसके निवासियों के पास अपने वाहन रखने की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां के निवासियों द्वारा वाहन खड़े किए जाने की समस्या को दृष्टिगत रखते पार्षद निधि से लगभग साढ़े 8 लाख रुपए की लागत से पार्किंग बनाने के लिए नजूल से सभी प्रक्रिया पूरी कर टेंडर करवाया है। उन्होंने कहा कि जब भी ठेकेदार निर्माण के लिए पहुंचता है तो वार्ड के भाजपा नेता प्रखर श्रीवास्तव द्वारा उन्हें दबाव देकर भगा दिया जाता है। वहीं पार्षद छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि पार्किंग की जमीन को कब्जा करने इस तरह का कार्य किया जा रहा है।

### पार्षद को अभी आ रही याद

पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा के आरोप को लेकर युवा मोर्चा के पदाधिकारी प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि अपने घर में गेट लगाना और वृक्षारोपण करना कब्जा नहीं होता। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले टेंडर हुआ था और आज पार्षद को निर्माण कार्य करने की याद आ रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं
दिनांक: 28 नवंबर से 1 दिसंबर
समय: गुरुवार से शनिवार (प्रात: 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



PHILIPS REXTON
HEARING AIDS AVAILABLE
श्रवण यंत्र पर भारी छूट
कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
स्पीच थेरेपी



Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
Google Play App Store
रायपुर- विमला सदन, फव्वारा चौक, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर- कृष्णा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग)
भिलाई - इथीराज टावर्स, सुपेला, भिलाई (छ.ग)
बिलासपुर - अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग(मुख्य शाखा) के सामने, मगरपारा रोड, बिलासपुर (छ.ग)
जगदलपुर - बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर (छ.ग)
कोरबा - ब्लू बर्ड्स स्कूल के पास, निहारिका कोरबा (छ.ग)
अंबिकापुर - मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, अंबिकापुर (छ.ग)
khanna
छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन 30 को

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम सोनेसरार के त्रिवेणी संगम में आगामी 30 नवंबर को कांग्रेस ने दिवाली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच अर्जुनी के अधीन आने वाले 32 गांव के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा विधायक दलेश्वर साहू, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के शामिल होंगे।

### ताला तोड़कर गिफ्ट आईटम ले गए चोर



**चिचोला।** नेशनल हाईवे पर नागरकोहरा रोड पर स्थित तरुण जनरल स्टोर्स एवं गिफ्ट कार्नर में मंगलवार रात्रि को ताला एवं शटर तोड़कर चोरी हो गई। अज्ञात चोर दुकान से गिफ्ट समान एवं 15 हजार नगद ले गए है। इस घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल बन गया है।

### खेत से 70 बोरा धान की चोरी

**सोमनी।** ककरेल के किसान अभिषेक पाटिला के खेत से 70 बोरा धान चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। कृषक ने बताया कि गत 23- 24 नवंबर को हार्वेस्टर से धान कटवा कर बोरा में भरकर रखा था। गत 24- 25 नवंबर की दरम्यानी रात को अज्ञात चोर 70 बोरा धान चोरी कर ले गए। चोरी गए धान की कीमत 108500 रूपए है। किसान ने घटना की शिकायत सोमनी थाना में दर्ज कराया है।



### एकल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**डोंगरगढ़।** वार्ड एक गुरुदेव रेजीडेंसी के निवासी उज्जवल एवं डॉ. कंचन वाल्दे के पुत्र एकल वाल्दे ने गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप के अंडर 12 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन सात से 10 नवंबर तक गोवा में किया गया। स्पर्धा में केनिया, भूटान, कजाकिस्तान, बेल्जियम, इंग्लैंड, स्पेन, श्रीलंका, ईरान, ताजिकिस्तान, पुर्तगाल, नेपाल, फ्रांस, श्रीलंका, इटली, साउथ अफ्रीका आदि देशों के लगभग 7000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खालसा पब्लिक स्कूल के छात्र एकल वाल्दे ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर शहर, स्कूल को गौरवान्वित किया है।



### सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी के संरक्षण एवं प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का आयोजन कंपीटिशन कम्युनिटी राजनांदगांव नामक संस्था ने किया था। परीक्षा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परीक्षा में छत्तीसगढ़, विज्ञान, गणित, अंग्रेजी के प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में प्रथम तृतीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित कर शुल्क में छूट दी जाएगी।



## सालांत तक निकाय चुनाव होने की अटकलें

# शुरू हुई चुनावी सुगबुगाहट आरक्षण के इंतजार में नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

साल के अंत तक संभावित निकाय चुनाव को लेकर शहर में सुगबुगाहट शुरू हो गई हैं। अध्यक्ष और पार्षद बनने के इच्छुक लोगों की सक्रियता जरूर बढ़ गई है किन्तु अभी कोई भी खुलकर सामने नहीं आ रहा हैं। सभी दावेदारों को आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार हैं। सबसे ज्यादा दावेदारी सत्तारूढ़ भाजपा से सामने आ रही है। भाजपा में फिलहाल बूथ और मंडल चुनाव की सरगर्मी है जिसके माध्यम से दावेदार कार्यकर्ताओं के बीच पैठ बनाने की कोशिश में लगे हैं तो कांग्रेस नेता विधायक के सहारे बैठे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत का कार्यकाल खत्म होने वाला हैं। संभावना व्यक्त किया जा रहा हैं दिसंबर या जनवरी में निकाय के चुनाव हो सकते हैं। कहा जा रहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की तर्ज पर सरकार निकाय के साथ त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव कराने का फैसला ले सकती हैं। ऐसा होने पर चुनाव होने में कुछ विलंब हो सकता हैं हाल फिलहाल सभी को सरकार के रुख का इंतजार है।

### बढ़ रही नेताओं की सक्रियता



कई लोगों ने अध्यक्ष चुनाव लड़ने के लिए चाल चलना शुरू कर दिया है। पार्षदों के अलावा भाजपा-कांग्रेस के पदाधिकारी टिकट के लिए दावा ठोक रहे हैं। सियासी हल्कों में चर्चा के अनुसार भाजपा से रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, रामकिशन महेश्वरी, संतोष यादव, रमजान बड़गुजर, डिकेश साहू, बुंदा वर्मा का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। वहीं कांग्रेस से संतोष वैष्णव, अखिलेश नखत, बीरेन्द्र बोरकर, रौशन यदु, ललित लोढा, विष्णु सोनी के नाम की चर्चा है।

### कैसे होगा चुनाव

चर्चा है कि इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होगा जिसका मतलब है कि मतदाता सीधे अध्यक्ष और पार्षद चुनेंगे। पांच साल पहले लोगों ने केवल पार्षद चुना था। बहुमत के आधार पर पार्षदों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया था। डायरेक्ट चुनाव होने की दशा में संभावित खर्च को देखते है कई दावेदारों के हाथ पैर अभी से ठंडे पड़ने लगे हैं।

# मिट्टी तेल की किल्लत, होटलों में घरेलू गैस का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के चाय ठेला, खोमचा वाले स्टोव में मिट्टी तेल के बजाय डीजल का उपयोग कर रहे है। चिमनी और स्टोव के माध्यम से खाद्य सामाग्री का बिक्री करने वालों को चिमनी और स्टोव के लिए मिट्टी तेल की आवश्यकता होती है किन्तु वर्तमान में पर्याप्त मिट्टी तेल की आवक नहीं होने के कारण मजबूरी में दुकानदार डीजल का उपयोग कर रहे हैं। शहर के कई ढाबों, होटलो आदि में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए गैस कंपनी ने कमर्शियल सिलेंडर मुहैया कराता है जिसकी कीमत अधिक होने के कारण शहर के 50 से अधिक खाद्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जा रहा है।

### खप रही जंगल की लकड़ी

कई होटलो एवं ढाबों में जंगलो से लाई गई जलाऊ लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। शहर के बीच में संचालित होटलों आदि के भट्ठे में जंगल की लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। अवैध कटाई होने से जंगल सिमटते जा रहे हैं वहीं पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।

### आठवीं- पांचवीं परीक्षा बहाल करने का स्वागत

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, राजेश साहू, महेश ऊके, रतिराम कन्नौज, संदीप साहू आदि ने कक्षा पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा बहाल करने के निर्णय का स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष वर्मा ने बताया कि शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा 1 से 8 तक बच्चों को उत्तीर्ण कर दिया जाता है जिसके चलते बच्चों में दक्षता का विकास नहीं हो पा रहा है। सरकार ने कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा बहाल करने का निर्णय लिया है जो शिक्षा के क्षेत्र में कारगर साबित होगा।

# निवासी कहीं के, पीएम आवास बना किसी और जगह पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में जमकर फर्जीवाड़ा करने का मामला प्रकाश में आया है। वर्तमान सीएमओ सीके शर्मा को 2018 के बाद बनाए गए 40 से 50 मकानों के नियम विरूद्ध होने की शिकायत मिली है। शिकायत में बताया गया कि कई वार्डों में स्वीकृत आवास के हितग्राही निवासी कही और के है और उनका आवास कही और बना है। पुराने मकानों को नया रूप देकर राशि का आहरण किया गया तो कुछ आवास को कागजों में पूरा कर दिया गया है। आवास योजना के नाम से हितग्राहियों से जमकर उगाही भी किया गया था। सीएमओ शर्मा ने कुछ आवास में गडबड़ी सामने आने की बात कही। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बदल दिया खसरा और वार्ड

उन्होंने बताया कि जमीन कही है किन्तु वार्ड कुछ और दर्शाया गया है। मकान कही अन्य जगह बनाया गया है। कई प्रभावशाली लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने के बाद शहरी आवास योजना का लाभ लिया है।

### वेणु ने जीते दो मेडल

**बेलगांव।** हैदराबाद में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में कोलेंद्रा निवासी वेणु वर्मा ने गोल्ड एवं सिल्वर जीतकर सबको चौंका दिया है। इससे पहले अमृतसर में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है। वेणु बचपन से ही कराटे की प्रेक्टिस कर रही है। वह गांव के बच्चों को कराटे की प्रेक्टिस कराती है। जनपद सदस्य त्रिवेणी राजू वर्मा पुत्री वेणु ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर नाम रौशन किया है। उन्हे विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, नेतराम साहू, दिनेतु प्रकाश जांगड़े, दीपक वर्मा सहित अन्य ने बधाई दी है।



# अर्जुनी कॉलेज में बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



बुजुर्गों के सम्मान की ऐतिहासिक परंपरा का पालन करते हुए स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक अलखराम साहू के माता-पिता का सम्मान शाल, श्रीफल भेंट कर किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर ने कहा कि बुजुर्ग भले ही शारीरिक रूप से अक्षम हो जाते हैं किन्तु उनकी अहमियत कम नहीं होती क्योंकि उनके पास अनुभव का खजाना होता है। उनके अनुभव का लाभ उठाकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। मुख्य अतिथि अलखराम साहू ने वृद्धों के सम्मान पर अपने विचार रखे। इस मौके पर प्राध्यापक एनके लहरे, कुर्रे मेडम, सरोजनी मेडम, रीना मेडम, काव्या जैन, शुभि जैन, हनी मेडम के अलावा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे। संचालन व्याख्याता ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### बैठक में दी विभागीय गतिविधियों की जानकारी



**डोंगरगांव।** पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, डीएमसी सतीश ब्यौहारे की उपस्थिति सीएसी एवं संकुल प्राचार्यों की बैठक रखी गई। बैठक में संचालक आदित्य खरे, एपीसी मनोज मरकाम, श्री अंसारी, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी, जयंत साहू, बीआरसी अरविंद रत्नाकर शामिल हुए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी एवं एपीसी ने विभागीय विषयों की जानकारी देते हुए श्रेष्ठा, परख, प्रयास, अर्धवार्षिक परीक्षा, बोर्ड एग्जाम, जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी, पुस्तकालय का उपयोग एवं छात्रवृत्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी चार दिसंबर को परख संबंधी मुख्य परीक्षा होना है।उन्होंने इस परीक्षा के संबंध में भी विस्तार से बताया।

## संविधान दिवस पर हुए विविध आयोजन

# लोगों ने लिया संविधान पालन की शपथ







हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ अविनाश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में बताते हुए अनुसरण करने की सलाह दी। डा. बीएस असाटी ने कम्प्यूटर ग्राफिक्स के माध्यम से संविधान दिवस की जानकारी दिया। इस मौके पर भाषण, वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण एवं वाद-विवाद में बताया गया कि महिलाओं को समानता का अधिकार तथा अत्याचार के विरूद्ध लडने का अधिकार संविधान से प्राप्त होता है। अंत में अधिष्ठाता ने संविधान की शपथ दिलाया। संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी ने किया। इस दौरान डॉ. दीपिका देवदास, राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. पंकज भार्गव, तामिन, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. कन्हैया लाल, भावना, कोमल गांवरे, डॉ. रायसेन पाल, सुनील मधुकर, जलेश्वरी कंवर आदि उपस्थित थे।

**डोंगरगढ़।** डॉ भीमराव अंबेडकर विकास समिति, सुदर्शन वाल्मीकी समाज द्वारा इंदिरा नगर में आयोजित संविधान दिवस समारोह में बाबा साहब को माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरुण हत्थेल, नरेश करसे, मयूर हत्थेल, अनिल भौवरेल, विक्रम रगड़े, ऋषभ डकहा, शुभम परिहार और सुमित डकहा उपस्थित थे।

### नेहरू महाविद्यालय

नेहरू महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं एनसीसी- एनएसएस इकाई के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ. आरआर कोचे ने डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डॉ. कोचे ने प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को संविधान के पालन की शपथ दिलाया। इस मौके पर डां. कोचे, एनसीसी केयर टेकर गुलशन सिन्हा ने संविधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया। इस दौरान डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ. आशा चौधरी, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया खानखोजे, एचआर पदमे, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, तूलिका चक्रवर्ती, डॉ. नीता राजपुत, डॉ. येशुक्रिती हजारे, डॉ. नौशीन अंजुम, ऋचा अग्रवाल, अनिमा मिंज, एवलाल मेश्राम, डॉ.सपना परिहार, मनीषा भेड़िया, रोशन साहू, निर्वेद शर्मा, डॉ. गोकुल प्रसाद, राजेश्वरी ठाकुर, प्रभात बैस, पूर्वेश बांधव, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढ़े, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, शबाना खान, महेश कोटांगले सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कल्लूबंजारी।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का वाचन कर पालन करने की शपथ लिया गया। पूर्व माध्यमिक शाला में प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को संविधान के बारे में बताया गया। इस दौरान संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी, यूएस मंडावी, दिनेश कुरेटी, तिलकराम बढ़ई, शोभराय कार्ते, गीता कन्नौजे, चुम्मन भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, रोमन साहू आदि मौजूद थे।

**ठेलकाडीह।** जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा के नेतृत्व में चवलढाल में संविधान दिवस मनाया गया। स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने बताया कि संविधान सभी भारतवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। संविधान से ही देश चलता है। सभी को संविधान का पालन करना चाहिए। सरपंच ने कहा कि संविधान से ही समानता का अधिकार प्राप्त है।

संविधान एकजुट रहने की सीख देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच गीता वर्मा थी। अध्यक्षता तेजस्वी वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि तपन साहू, महेंद्र वर्मा, निशा भीमते, युवराज साहू, समयलाल निषाद, सुनील लाल, प्रियंका चंदेल, सरला वर्मा, मुक्त त्रिवेदी, यशवंत थे।

### संविधान की धाराओं से बच्चों को कराया अवगत



**हरदी।** सुरगी में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को संविधान के निर्माण से लेकर संशोधन, विभिन्न धाराओं के बारे में व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा और वीरेंद्र टेम्भुरकार ने बताया। उच्चतर माध्यमिक शाला की व्याख्याता किरण साहू ने अंग्रेजी और सुशील शर्मा ने हिन्दी में संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को शपथ दिलाया। गीतांजली साहू, चारुलता भौतमांगे और पंकज चंदेल ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्राचार्य एनके साहू, एनके साहू, योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, वंदना देवांगन, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, अरुणा साहू, देवेंद मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।





### कार से व्हिस्की बरामद

**डोंगरगढ़।** आबकारी विभाग ने पाथरी- भरखाटोला मार्ग पर 63 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित गोवा अंग्रेजी व्हिस्की के साथ आर्टिका कार क्रमांक सीजी 07 एएस 3585 जप्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 59 ए तहत जुर्म पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के फरार होने पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। फरार आरोपी एजे जार्ज ने गत 23 नवम्बर को कार्यालय आबकारी उपनिरीक्षक डोंगरगढ में उपस्थित होकर आत्मसमर्पण किया। आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

KS GROUP
PUNJAB | INDIA

KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™

आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उपजेल में संविधान दिवस पर कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के तत्वावधान में संविधान दिवस के मौके पर मंगलवार को उप जेल में शिविर का आयोजन किया गया।



तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित शिविर में अध्यक्ष अनीष दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वरिष्ठ भूपतसिंह साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कनिष्ठ शैलेश कुमार वशिष्ठ शामिल हुए। इस दौरान श्री दुबे ने कहा कि देश में संविधान ही सर्वोपरी है। संविधान की जानकारी विचाराधीन बंदी एवं आम लोगों को होना चाहिए। उन्होंने विचाराधीन बंदियों से संविधान के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया। एडीजे ने कानून निर्माण प्रक्रिया, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के कर्तव्य, कानूनी प्रक्रिया, पोक्सो एक्ट, निःशुल्क विधिक सलाह, सहायता योजना, मौलिक अधिकार, संविधान के कर्तव्यों, अधिकारों एवं अपराधों के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर संविधान की उद्देशिका का पाठन किया गया। कार्यक्रम में जेलर राहुल गंगराले, पीएलवी अशोक पाण्डेय, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

### मिलेगी निःशुल्क बस की सुविधा

**राजनांदगांव।** प्राइड एकेडमी द्वारा आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को देखते दो दिवसीय निःशुल्क मॉडल परीक्षा आयोजित की जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों की बेहतर तैयारी हो सके और ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उक्त प्रवेश परीक्षा में हो सके। जिसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा तिथि के पूर्व जल्द से जल्द पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों के आने-जाने के लिए निःशुल्क बस की सुविधा भी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही है।

## निधन



### शिवबती साहू


**जेवरतला रोड।** मोहंदी पाट निवासी शिवबतीबाई साहू का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वह दीपक साहू की मां थी।

### शशिमति मिश्रा



**डोंगरगढ़।** अधिवक्ता एवं बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा की माता शशिमति मिश्रा का 94 साल की उम्र में बुधवार को निधन हो गया। वह कई दिनों से अस्वथ्य थी। वह सेल टैक्स अधिवक्ता सत्यप्रकाश मिश्रा की मां एवं भाजपा शहर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुमित मिश्रा की दादी थी। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को सिविल लाइन से निकलेगी।

### सलीम अहमद खान



**डोंगरगांव।** मेडिकल व्यवसायी कबीर अहमद खान के 67 वर्षीय पुत्र सलीम अहमद खान का आकस्मिक देहांत से 25 नवंबर को हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। दूसरे दिन कब्रिस्तान में दफन कर लोगों के साथ कबीर अहमद खान,बशीर अहमद खान, सफीर अहमद खान, गुलमीर अहमद, सगीर अहमद, नसरुद्दीन अहमद कुरैशी, मतीन अहमद कुरैशी, रिजवान राजिक, मुसिर अहमद, साजिद अहमद, रफीक खत्री, फिरोज हसन रिजवी, नजीर तंवर, अमीर तंवर, एजाज रियाज, इमाम अकीब राजा अक्कू भाई आदि ने मगफीरत की दुआ मांगी।

### राजेन्द्र जैन

**डोंगरगढ़।** नगर की प्रतिष्ठित व्यवसायिक फर्म कस्तूरचंद राजेंद्र कुमार जैन के संचालक राजेंद्र कुमार जैन का निधन एम्स रायपुर में हो गया है। वह मनोज, मुकेश एवं आनंद जैन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

### आवेदनों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

# टीएल बैठक में प्रगतिरत कार्यों की कलेक्टर ने की विभागवार समीक्षा

## किसानों को परेशानी न हो, रखें विशेष ख्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायतों सहित अन्य आवेदनों के निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही प्रकरणों का समय सीमा पर निराकरण करने कहा।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागीय कार्यालय या अन्य भवन निर्माण के लिए शासन से स्वीकृत प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। वही संबंधित विभागों के लिए जमीन चिन्हांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। कलेक्टर ने जिले के समितियों में चल रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर राजस्व, खाद्य और सहकारिता के अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं पर नजर रखने और उपार्जन केन्द्रों में किसानों को किसी भी तरह से परेशानी न हो, इसका खास ख्याल रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रक्रिया मे पारदर्शिता रखने के साथ ही किसानों को असुविधा न हो इसका ध्यान रखते हुए सतर्कता भी बरतनी है। इसके अलावा कलेक्टर ने किसानों को राजस्व संबंधी मामलों में आ रही परेशानियों को हल करने को लेकर भी निर्देशित किया। समय सीमा के लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों को शीघ्र अतिशीघ्र निराकृत सुनिश्चित करने कहा।




### सेनि होने वाले अधिकारी का किया सम्मान

समय सीमा की बैठक बाद कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने इस महीन सेवानिवृत्त हो रहे समाज कल्याण विभाग के उप संचालक गणेश राम वर्मा को शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। 1990 से सरकारी नौकरी कर रहे श्री वर्मा ने जिले में अक्टूबर 22 से अपनी सेवा शुरू की थी। बैठक में उपस्थित सभी जिला अधिकारी व कर्मचारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामना दी। इस अवसर पर डीएफओ आलोक तिवारी, अपर कलेक्टरद्वय प्रेमकुमार पटेल, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### रमेश को हर माह मिलेगी श्रम सम्मान निधि की राशि

जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाले साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आम लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों से आए लोगों ने अपनी समस्या, मांग और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया जिसमे वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिक रमेश कुमार मानिकपुरी ने श्रम सम्मान निधि राशि दिलाने की मांग की जिस पर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने त्वरित कारवाई करते हुए आवेदन डीएफओ आलोक तिवारी के संज्ञान में लाया। जिस पर उन्होंने मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर दिसंबर महीने से उक्त राशि जारी करने का आश्वासन दिया। इसी तरह संडी निवासी लायक राम वर्मा ने भूमि पुस्तिका अनुदान, अकरजन निवासी चिंताराम यादव, कोकिल बाई निषाद और केशव प्रसाद देवदास ने प्रधानमंत्री आवास अनुदान की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया। लिमो निवासी डकेसर दास मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से अनुदान राशि दिलाने और मड़ौदा निवासी भागवत चंदेल ने क्षतिपूर्ति दिलाने आवेदन किया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के अलग-अलग स्थानो से पहुंचे आम जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए आवेदन से संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने कहा।

# व्यापारियों की पार्टी है भाजपा : महोबिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



- ऑनलाइन के साथ ऑफ लाइन टोकन देने की मांग
- समितियों में खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान

किसानों की समस्या से साय सरकार को कोई लेने देने नही का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता कपिनाथ महोबिया ने धान खरीदी प्रक्रिया में आनलाईन के साथ आफ लाईन टोकन देने की मांग की है।

कपिनाथ महोबिया ने कहा कि चुनाव के दौरान लोकलुभावन वादे करके सत्ता में काबिज भाजपा से किसानों के साथ-साथ आम लोग भी काफी परेशान हो गए है। उन्होंने कहा कि मेहनत की कमाई का एक एक दाना बेचने किसान भाजपा सरकार के टोकन तुम्हर हाथ आनलाईन प्रक्रिया से दिक्तत में आ गया है। सर्वर डाऊन की समस्या या अन्य किसी तकनीकी कारण से किसानों को आनलाईन टोकन नही मिल रहा इसलिए साय सरकार को चाहिए कि तत्काल आफलाईन टोकन व्यवस्था शुरू करे ताकि किसान को राहत मिले।

श्री महोबिया ने कहा कि चुनाव के दौरान 32 सौ रूपया प्रति क्विंटल धान लेने और एकमुश्त भुगतान का वादा भी भाजपा सरकार का जुमला साबित हो रहा है। अभी किसानों को प्रति क्विंटल सरना और मोटा का 23 सौ और पतला धान का 23 सौ 20 रूपए का भुगतान हो रहा है। शेष 780 रूपए कब मिलेंगे इसको लेकर समिति प्रबंधक के पास कोई जवाब नही है और एक एक दाना धान एकमुश्त भुगतान का वादा करने वाले भाजपा नेता भी इस विषय प चुप्पी साधे हुए है। वही रबी फसल के लिए खाद लेने भी किसान समितियों का चक्कर काट रहे है, लेकिन किसी भी समिति मे खाद उपलब्ध नही है जिसके कारण फसल बचाने किसान को मजबूरन व्यापारियों से ज्यादा दाम पर खाद लेना पड़ रहा है।

कपिनाथ महोबिया ने कहा कि भाजपा चुनाव के दौरान किसान का हमदर्द होने का नाटक करती है और चुनाव जीतने के बाद किसानों को भूलकर व्यापारियों की पार्टी बन जाती है।

# दिग्विजय कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय वित्तीय जागरूकता रहा। उक्त कार्यशाला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन तथा मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. प्रीति बाला टॉक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला टाटा एआईए के क्लस्टर मैनेजर अमित सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में टाटा एआईए की ओर से कुलदीपक तथा बिसेन भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंतर्गत महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को टाटा एआईए से संबंधित डिजिटल भुगतान, बीमा, निवेश के संबंध में एवं सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग व्यवहार तथा ग्राहकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में शंका-समाधान एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# जिला भाजपाध्यक्ष ने कराया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हर संभव किया जा रहा प्रयास

जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में वृहताकार सेवा सहकारी समिति टोलागॉव के प्राधिकृत नारायण साहू को विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया। जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से विष्णुदेव साय के सुशासन में खुशहाल किसान की अवधारणा का मूर्त रूप देने और आर्थिक रूप से सबल व आत्मनिर्भर बनाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। समितियों में किसान अपने मेहनत की वाजिब कीमत पा रहे है।




इस दौरान समिति प्रबंधक पेखलाल वर्मा ने नए प्राधिकृत नारायण साहू को शासन सतर पर प्रेषित नियुक्ति पत्र सौंपकर पदासीन किया। इस दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जीवन देवांगन, मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, उदे वर्मा, रेवाराम वर्मा, ललित चोपड़ा, संतोष जैन, विष्णुदास साहू, टीभनदास साहू, भुवन वर्मा, बलदेव साहू, प्रीतम साहू, सहित समिति कर्मचारी अश्वनी मंडावी, सोहन कुमार, उत्तम साहू, लल्लू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

टोलागांव के अलावा भंडारपुर समिति के नव नियुक्त प्राधिकृत उदे वर्मा को जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जनपद अध्यक्ष उमा सिंहा की अध्यक्षता और पांडादाह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंहा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जीवन देवांगन, महामंत्री गोरेलाल वर्मा, पंकज सिंह, नारायण साहू के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित कार्यक्रम मे पदासीन कराया गया।

समिति प्रबंधक कुंवरलाल वर्मा ने प्राधिकृत उदे वर्मा को नियुक्ति संबंधी पत्र सौंपा। इस दौरान सरपंच लक्ष्मीकांत वर्मा, पवन जैन, संतोष जैन, त्रिलोक नगपुरे, कलाराम वर्मा, थानसिंह वर्मा, राजेश सिंहा, संतराम साहू, भीखम साहू, राहुल देवांगन, कालूराम साहू, एवन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या मे समिति मे पंजीकृत किसान व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अभाविप के ऋतिक बने नगर मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाईं द्वारा नगर की नवीन कार्यकारिणी का सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बैठक बाद घोषित की गईं।

स्वामी विवेकानंद, मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण बाद आरएसएस के खंड कार्यवाह राजू यादव, अभाविप राजनांदगाव के विभाग संयोजक अमन बृज नामदेव, जिला संगठन मंत्री संजय सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलशन भगत की उपस्थिति में संगठन की गतिविधियो की जानकारी बाद नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमे नगर मंत्री के रूप मे ऋतिक कंडरा, सह मंत्री राजहंस वर्मा, हर्ष वर्मा, महेश पटेल के साथ पूरी कार्यकारिणी की घोषणा की गई वही नगर कार्यकारिणी के साथ शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के कैंपस अध्यक्ष के रूप में हर्ष वर्मा, उपाध्यक्ष जीतेश बिसेन, मंत्री चित्रसेन साहू, सहमंत्री विनय साहू सहित पूरी कार्यकारिणी की घोषणा की गई। समापन पूर्व खंड कार्यवाह राजू यादव ने सभी को संगठित होकर कार्य करने व जिले भर में संगठन विस्तार के लिए शुभकामना दी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलशन भगत ने कार्यकर्ताओं से मै नहीं हम भाव से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिए कार्य करना है। उपस्थित संगठन नेताओ सहित कार्यकर्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना दी।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जामा मस्जिद, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी एवं उदयाचल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 नवंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बसंतपुर थाना स्थित जामा मस्जिद बाड़े में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण में दंत रोग, नेत्र जांच, बीपी, शुगर, हृदय रोग तथा नाक, कान, गला रोग निदान शिविर में किया जाएगा। शिविर में डॉ. गौरव जैन और डॉ. मिथलेश शर्मा अपनी सेवाएं देंगे। जामा मस्जिद के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने शहरवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# फसल बीमा में शत-प्रतिशत किसानों को जोड़े

- फसल बीमा की जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा की जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में कृषि, उद्यानिकी, राजस्व, बैंक, सहकारिता विभाग और बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुई।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि सत्र 24-25 में जिले के शत प्रतिशत किसानों का फसल बीमा कराएं ताकि मौसम की अनिश्चिताओं से फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को लाभ मिल सके। इसके लिए उन्होंने गॉव-गॉव मुनादी कराने और सेवा सहकारी समितियों में प्रचार-प्रसार करने कहा वही योजना अंतर्गत न्यूनतम प्रीमियम राशि से फसलों को नुकसान की होने वाली भरपाई से किसानों को अवगत कराते हुए अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल कराने कहा।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बीमा कंपनी प्रतिनिधि को विगत सालों से लंबित बीमा दावा राशि का तत्काल भुगतान करने कहा। बैठक में उपस्थित कृषक प्रतिनिधि बिशेसर साहू ने उद्यानिकी फसलों में बीते सालों में किए गए बीमा दावा निर्धारण और भुगतान की यथास्थिति बारे में बताते हुए कहा कि उद्यानिकी फसलों के दावा निर्धारण को लेकर स्थापित वेदर स्टेशन खराब स्थिति में है जिसके कारण बीमा दावा राशि का सही निर्धारण नहीं हो पा रहा है। इस मामले में कलेक्टर ने टीम गठित कर जांच करने और प्रतिवेदन प्रेषित करने के साथ ही खराब हो चुके मशीनों को समयावधि में सुधार कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, कृषि उपसंचालक राजकुमार सोलंकी, उद्यानिकी उप संचालक रविन्द्र कुमार मेहरा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## हाईस्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# बच्चों को दी संविधान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर अवंति बाई हाईस्कूल दाऊचौरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित शिविर में ज्यूडिसियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन ने कहा कि हमारे देश में संविधान सर्वोपरि है इसलिए इसकी जानकारी स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को भी होनी चाहिए।




संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन वृत्त की जानकारी देते हुए कहा कि शून्य से शिखर तक की यात्रा की सीख हमे बाबा साहब जैसे महामानव के जीवन संघर्ष और कार्यों से सीखना चाहिए। संविधान के प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए उन्होंने कानूनी विषयों की जानकारी दी। भारत में कानून निर्माण की प्रक्रिया, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के कर्तव्य, कानूनी प्रक्रिया, गुड टच-बैड टच, पोक्सो एक्ट, निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता योजना, बाल विवाह, बाल मजदूरी, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण, लोक अदालत, मौलिक अधिकार, मोबाईल से लाभ-हानि, बच्चों में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति और अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम संचालक पीएलवी गोलूदास साहू ने भारतीय संविधान के विधिक प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा हमारा संविधान सामाजिक सौहार्द, सद्भाव और समानता लाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। इस दौरान प्राचार्य देवनारायण साहू, मनीष गुप्ता सहित शाला स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### दिग्विजय कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बख्शी के मार्गदर्शन में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी, अधिकारी, छात्र-छात्राएं शामिल थे। प्राचार्य ने कहा कि आज हम संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है। यह आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना कि 75 वर्ष पहले था।

# कमलेश्वर ने कराया न्यौता भोज

- शासन की पहल का दिख रहा जिले में व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मध्यान्ह भोजन योजना में सामुदायिक पहल सुनिश्चित करने प्रदेश शासन की पहल का जिले में व्यापक असर दिखाई दे रहा है। अब लोग अपने बच्चों का या अपना जन्मदिन या अन्य कोई भी उल्लास का कार्यक्रम हो शाला मे पढ़ने वाने नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण पोषक भोजन उपलब्ध कराकर मना रहे है।

इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद कन्या उमा शाला के व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने अपने जन्मदिन पर शाला में अध्ययनरत 256 छात्राओं को न्यौता भोज कराया। इससे पहले उन्हें भोजन मंत्र कराया गया। प्रभारी प्राचार्य कुणाल टंडन सहित पूरे स्टाफ ने छात्राओं के साथ भोजन किया। डॉ कमलेश्वर सिंह ने मध्यान्ह भोजन योजना में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने शासन की अभिनव पहल न्यौता भोज का स्वागत करते किया और छात्राओं को मन लगाकर खूब पढ़ने, नियमित शाला आने, माता-पिता और गुरूओं की आज्ञा का पालन करने की सीख देते हुए भारतीय संविधान मे मौलिक अधिकारों की जानकारी दी वही अनिवार्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगीता ठाकुर, मेघा उपाध्याय सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे जिन्होंने डॉ कमलेश्वर सिंह के व्यक्तिगत पहल की सराहना की।



## खबर संक्षेप

### दामापुर में मितानिन दीदियों का किया सम्मान



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम दामापुर पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी मितानिन दीदियों का ग्राम पंचायत सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मितानिन दीदियों ग्रामीण क्षेत्रों की आधार स्तम्भ हैं साथ ही साथ अन्य इमरजेंसी या डिलवरी के समय महत्वपूर्ण भूमिका मितानिन दीदियों होता है। इस सम्मान समारोह में पंडरिया सभापति अश्विनी यदु, सरपंच, पंच एवं पदाधिकारी दामापुर सहित आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### जिले में तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय कवर्धा के इंडोर स्टेडियम में 29 नवम्बर से 1 दिसंबर को किया जाएगा, जिसमे प्रदेशभर के 35 एवं 45 आयु वर्ग के उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी इस बैडमिंटर प्रतियोगिता मे हिस्सा ले सकते है। जिसमे एकल और युगल वर्ग में हो रही, इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन व आवास की निःशुल्क व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। इस प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, महासमुंद, सूरजपुर, दुर्ग, बेमेतरा, भिलाई, कोरबा, मुंगेली, बस्तर साथ ही साथ कबीरधाम के खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुकाबला 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ईकोर्ट क्र. .................. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 05

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-आवेदक तिजऊ साहू पिता डेरहा साहू निवासी धरमपुरा तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपने पिता डेरहा साहू के मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के पिता डेरहा साहू पिता बैशाखू साहू की मृत्यु दिनांक 19/01/2018 को ग्राम धरमपुरा में हुआ है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 29/11/2024

मुहर — तहसीलदार पिपरिया

**समस्याः आवाजाही में राहगीरों व ग्रामीणों को भारी दिक्कते**

# पक्की नाली व सीसी रोड के अभाव में ग्रामीण रहवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा व राम्हेपुर कला में पक्की नाली व सीसी रोड के अभाव में रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हरिनछपरा व राम्हेपुर कला के ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकवा शिकायत कर बुनियादी सुविधाओं के लिए जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियो को अवगत कराया गया। लेकिन पक्की नाली व सीसी रोड अभाव में गांव की गली मोहल्ले किचड़ से लथपथ होने के कारण आवाजाही करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत हरिनछपरा व राम्हेपुर कला में गलियों के बीचों बीच घरों का गंदा पानी बह रही है जिससे ग्रामीणों तथा राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा पक्की नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई ताकि ग्राम हरिनछपरा व राम्हेपुर कला के ग्रामीणों को राहत व सुविधा मिल सकें।

**गंदगी व बदबू से ग्रामीण जन परेशान, जिम्मेदार बेपरवाह**



ग्रामीणों ने बताया कि पक्की नाली व सीसी रोड के अभाव में घरों का गंदा पानी सड़क के बीच गलियों से होकर बहती है जिससे ग्रामीण रहवासियों को गंदगी व संडास बदबू से भारी दिक्कते तथा रात में जहरीले जीव-जंतु की निकलने का डर बना रहता है। साथ ही साथ गंदगी व बदबू से क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है, क्षेत्र की हालत इतनी गंभीर है कि घरों की गंदा पानी बीचो-बीच गलियो पर बहने से पूरे गांव का वातावरण दूषित हो चुका है व गली बदबू से उड़ रहे हैं। जिससे गांव में मच्छर पनप से लोग बीमार पड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत सरपंच व जिम्मेदारों को पक्की नाली व सीसी रोड की मांग की गई। जिससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।



# राज्य सरकार किसानों को बारदाना की पूर्ति नहीं कर पा रही हैं, किसान परेशान

- ग्रामीण किसान औने-पौने दाम में बारदाना खरीदने मजबूर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी का प्रारंभ राज्य सरकार के आदेशानुसार 15 नवंबर से शुरू किया गया।

वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा धान उपार्जन केन्द्र से टोकन प्राप्त कर धान खरीदी केन्द्र पहुंच रहें है। जिस पर अमली-मालगी ग्रामीण किसान सालिकराम साहू व कोलेगांव निवासी जगदीश राम साहू ने बताया कि राज्य सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में बारदाना की पूर्ति नहीं कर पाने से क्षेत्र के ग्रामीण गरीब किसानो को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं किसानों में काफी नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि कुछ परसेंट ही बारदाना लाने की नियम जारी किया गया है जो राज्य सरकार द्वारा आदेश व आपातकालीन में बारदाना लेने से ग्रामीण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं क्षेत्र के ग्रामीण दुकानदारों से औने-पौने दाम में बारदाना खरीदने मजबूर है। जिस पर ग्राम कोलेगांव, अमलीमालगी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान राज्य सरकार की इस योजनाओं से किसान नाखुश व आक्रोश व्याप्त है। जिस पर ग्रामीण किसानों ने राज्य सरकार को इस ओर ध्यान देने तथा धान खरीदी केन्द्र में पर्याप्त बारदाना व्यवस्था करने की अपील की गई, जिससे ग्रामीण किसानों को राहत मिल सकें।

## संविधान दिवस पर सत्यमेव जयते क्लब ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ ली



**हरिभूमि कवर्धा।** भारत जैसे विकासशील देश के लिए 26 नवम्बर संविधान दिवस एक अपने आप में प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए गौरवान्वित होने का दिन है, क्योंकि इसी दिन स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात लगभग 299 संविधान निर्माताओं ने अपने 2 वर्ष 11 माह और 18 दिनों की अथक परिश्रम से सभी धर्मावलंबी के धर्म गुरु, नेता, राजनेताओं के सहमति से देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले तथा देश को संचालित करने वाले विश्व की सबसे बड़ी लिखित संविधान को देश को समर्पित किया गया। इसी अवसर पर सत्यमेव जयते क्लब ने शहर के भारत माता चौक के समीप स्थित उद्यान में स्थापित संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में विधिवत पूजा अर्चना कर माल्यार्पण एवं श्रीफल अर्पित किया तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संविधान की शपथ ली गई। इस दौरान क्लब अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे, सदस्य विदेश कुमार धुर्वे, तीरथ धुर्वे, चंद्रपाल मेरावी, चंद्रभान धुर्वे, ओपी साहू, हेमंत कुमार धुर्वे, श्याम मानिकपुरी, देवराज धुर्वे, अनिल टेकाम, धर्मेंद्र धुर्वे सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## भाषण प्रतियोगिता में अदिति मिश्रा ने विश्वविद्यालय में रही प्रथम स्थान



**हरिभूमि कवर्धा।** विगत दिनों अहिल्या देवी होलकर की 300वीं जयंती पर देशभर में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें स्कूल, कॉलेज स्तर से लेकर संभाग और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इसी क्रम में पं सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय द्वारा भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें पहले जिला स्तर, संभाग स्तर व राज्य स्तर पर विश्वविद्यालय अंतर्गत प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें कबीरधाम जिले की अदिति मिश्रा ने भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर अदिति मिश्रा को 26 नवम्बर को प्रतियोगिता का समापन प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार रुपए राशि नगद व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे परिजनों व क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल है।

# भोरमदेव कला सेवा समिति ने संविधान दिवस पर चलाया जन-जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति ने जिला मुंगेली में जन जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें संस्थापक एवं संयोजक राजेंद्र पटेल व हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता जीतेश तिवारी ने छात्र छात्राओं को संविधान के बारे में अवगत कराया साथ ही साथ साईबर अपराध को रोकने के लिए जन जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। जिसमे अनजान नंबर से काल आता है तो और हमसे आधार कार्ड, ओटीपी खाता नंबर मांगते है तो इससे बचना चाहिए, बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना, इस तरह सावधानी अपनाने साथ ही साथ फेसबुक, इंस्टाग्राम में अनजान व्यक्ति से दोस्ती नहीं करना चाहिए। जिस पर हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति उपाध्यक्ष नरेश चंद्रसेन ने विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के तहत व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय स्वच्छता, खान-पान स्वच्छता, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, वन स्वच्छता, जलवायु स्वच्छता इत्यादि के बारे विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना और समझा, श्री चंद्रसेन ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला वहीं विद्यार्थियों ने उनके बताए हुए विचार को अमल किया और अपने दैनिक जीवन में उपयोग व प्रयोग करने के लिए संकल्प लिया। इस स्वच्छता व आयुर्वेद कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थी को पेन व मेडल एवं प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जल जीवन मिशन की अनूठी सफलता हर घर जल से समृद्ध हुआ पचराही

- ग्रामवासियों के जीवन में आया बड़ा बदलाव, महिलाओं की तकलीफ हुई कम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



हर घर तक स्वच्छ पेयजल पानी पहुंचने के उद्देश्य से शुरू की गई राष्ट्रीय जल जीवन मिशन योजना अब ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के तहत महिलाओं की तकलीफें कम हुई हैं और उनके जीवन में नया सुकून देखने को मिल रहा है। जिसमें जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदा-3 के अंतर्गत आने वाला ग्राम पचराही, जो विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की बहुलता वाला क्षेत्र है अब जल समृद्धि का एक आदर्श उदाहरण बन चुका है। वनांचल क्षेत्र में स्थित इस गांव में अब हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

24 अक्टूबर को पचराही में आयोजित ग्राम सभा के दौरान गांव को हर घर जल ग्राम के रूप में प्रमाणित किया गया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पानी समिति और सभी ग्रामीणों ने भाग लिया। सरपंच द्वारा गांव को हर घर जल घोषित करने के बाद ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संतोष और गर्व का अनुभव किया। इस योजना के तहत 68 लाख रुपये की लागत से इस लक्ष्य को प्राप्त किया गया। ग्राम के 72 परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह पहल ग्रामीण जीवन में एक बड़ा बदलाव लेकर आई है।

पहले जहां महिलाओं को दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाने में कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी, अब घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता ने उनके जीवन को सरल और आरामदायक बना दिया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से पचराही में आई यह क्रांति सरकार की प्रतिबद्धता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। यह पहल केवल पानी की समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और बेहतर जीवन का भरोसा भी दिलाती है। शहर घर जल योजना के कारण गांव में न केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला है, बल्कि पानी के लिए होने वाले संघर्ष को भी समाप्त कर दिया गया है। इस योजना ने महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से राहत दी है। अब महिलाएं अपना समय अन्य उत्पादक कार्यों में लगा सकती हैं और बच्चों को स्वच्छ पानी मिलने से उनकी स्वास्थ्य समस्याएं भी कम हुई हैं।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

**छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

# खेलकूद प्रतियोगिता में अशोका स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले व विद्यालय का नाम रोशन करते आ रहे है। जिले में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करपात्री आउटडोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया, जिसमे 70 स्कूल के लगभग 3000 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उक्त प्रतियोगिता में अशोका पब्लिक स्कूल के माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा कबड्डी बालक वर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वही शतरंज प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा जलधी केशरवानी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा प्राथमिक बालक वर्ग रिले रेस प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया इसी के साथ खो-खो प्रतियोगिता में हायर सेकेंण्डरी बालिका वर्ग ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

जिस पर विद्यालय के प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकेंण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया था, जिसमें कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, स्पून रेस, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा और पदक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं विद्यायल के चेयरमैन पवन देवांगन को जिला संयोजक का दावित्व दिया गया था जिन्होंने बड़े ही अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाया, वही विद्यालय के खेल शिक्षक मनीष निषाद को क्रीड़ा जिला संयोजक व राजा जोशी को कबड्डी खेल व मीरा साहू को खो-खो संयोजक बनाया गया था, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान रहा। विद्यालय के छात्राओं द्वारा कबीरधाम प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में पदक लगाने के उपलक्ष्य पर संस्था के चेयरमैन पवन देवांगन, श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, उप-प्राचार्य ज्ञानेश्वर साहू, एडमिन सागर नामदेव, लेखापाल अभिषेक केशरवानी, सहायक लेखापाल दीपचंद गेंद्रे, शैलेंद्र वर्मा व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।



**हादसा:** ग्राम खरिया से रानीदहरा जल प्रपात घूमने जा रहे थे ग्रामीण

# तेज रफ्तार स्कार्पियो पेड़ से टकराई, चार घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बैरख के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे में स्कार्पियो वाहन सवार चार ग्रामीण घायल बताए जा रहे हैं। जिसमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई और उन्हें ईलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम खरिया के रहने वाले चार युवक स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएल 8866 में सवार होकर रानीदहरा जलप्रपात घूमने जा रहे थे। बताया जाता है कि वाहन चालक द्वारा काफी तेज गति से और लापरवाही पूर्व वाहन चलाया जा रहा था। इसी दौरान ग्रामीण जैसे ही ग्राम बैरख के पास पहुंचे उनकी तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। तेज रफ्तार वाहन की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वाहन के पेड़ से टकराने के बाद स्कार्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया और वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल बोड़ला पुलिस तथा डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने चारों घायलों को पहले बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया और वहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल कवर्धा रिफर कर दिया। जहां इन घायलों का ईलाज किया जा रहा है।






### नहीं थम रही वाहन चालकों की लापरवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले की सड़कों में प्रायः हर दिन छोटे बड़े हादसे सामने आ रहे हैं। जिनमें लगातार वाहन सवार घायल भी हो रहे हैं और उनकी जान भी जा रही है। बावजूद इसके वाहन चालकों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। ग्राम बैरख के पास हुई इस दुर्घटना के पीछे भी वाहन की तेज रफ्तार और लापरवाही को माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो स्कार्पियो वाहन की रफ्तार चालक के नियंत्रण से बाहर थी यही वजह है कि अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई और यह हादसा हो गया। वाहन की रफ्तार दुर्घटना के बाद वाहन की स्थिति को भी देखकर लगाई जा सकती है।



### मोटर सायकल सवार को ट्रक ने मारी ठोकर

बुधवार को ही हादसे की एक ओर खबर जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम रहमानकांपा से भी सामने आई है जहां एक अज्ञात भारी वाहन ने मोटर सायकल सवार ग्रामीण को ठोकर मार दी। जिसमें एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीणों अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगमोहन यादव आयु 45 साल निवासी ग्राम कूबा बुधवार की दोपहर को अपनी मोटर साइकल से रहमान कांपा के पास स्थित ग्राम सगौना जा रहा था। इसी दौरान ग्राम रहमान कांपा के पास ही उसे एक ज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इसकी सूचना पुलिस व डॉयल 108 को दी गई और घायल ग्रामीण को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि ग्राम रहमान कांपा में मंगलवार को भी एक सड़क हादसा हुआ था जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई थी।

## संविधान दिवस पर न्यायाधीशों ने छात्रों को बताया संविधान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संविधान दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय में पहुंचकर न्यायाधीशों ने छात्र-छात्राओं को संविधान का महत्व बताया। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर आज प्रातः कृषि महाविद्यालय में पहुंचकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पूजा मण्डावी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्षा गर्डे ने छात्रों को संविधान दिवस एवं सविधान के बार में जानकारी दी। जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव ने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान न सिर्फ हमारे अधिकारों के लिए है बल्कि संविधान हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हैं। उन्होंने संविधान की मूल भावना से छात्रों को अवगत कराया तथा बाद में छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। डॉ. बीआर अम्बेडकर के नेतृत्व में प्रारूप समिति द्वारा संविधान का निर्माण किया गया था। संविधान, देश के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के रूप में, उनके कर्तव्यों को समझने में सहायता करता है। न्यायिक मजिस्ट्रेट कवर्धा पूजा मण्डावी एवं वर्षा गर्डे द्वारा संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संविधान हम सबकी एकता, समानता, और देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करता है। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य हमारे अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए दूसरों के अधिकारों के हनन को रोकना भी है। संविधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। जिला न्यायालय एडीआर भवन के सभाकक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रधान न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे की अध्यक्षता में किया गया जिसमें संविधान पर अपने विचार न्यायाधीशगणों ने रखे। इस अवसर पर जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, जिला न्यायालय व प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिन्टियर्स मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका आज आएंगे कवर्धा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 28 नवम्बर 2024 को कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री डेका 28 नवम्बर को सुबह 10.15 बजे पुलिस परेड ग्राउंड हैलीपैड से रवाना होकर 10.45 बजे पुलिस लाईन हैलीपैड कवर्धा पहुंचेंगे। सुबह 10.50 बजे से 11.25 तक समय आरक्षित रहेगा। सुबह 11.30 बजे राज्यपाल जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेंगे। दोपहर 12.45 बजे वे सर्किट हाउस पहुँचेंगे। राज्यपाल लंच के पश्चात दोपहर 02 बजे पुलिस लाईन हैलीपैड कवर्धा से खिन्हा हेलीपैड मंडला मध्यप्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे।

### संविधान दिवस का किया गया आयोजन

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में संविधान दिवस के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को भारत की संविधान की जानकारी दी गयी। नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद ने कार्यक्रम की रूप रेखा की जानकारी सभी को दिया। प्राध्यापक उमेंश पाठक सहायक ने संविधान के बनने के इतिहास के बारे में सभी को जानकारी प्रदान कर संविधान उद्देशिका का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में सनत देवांगन, योगेश धुरव, टीकम नवरंग, कोमल मिश्रा, और पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक पुनीराम यादव उपस्थित थे।

### अहिरवार समाज का प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 को

**बोड़ला।** गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में आगामी 30 नवम्बर दिन शनिवार को बोडला के भारत भवन में अहिरवार समाज के युवाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। जिसका उद्देश्य लोकल फॉर वोकल के साथ आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना है। जिन पालकों को अपने बच्चों की पढ़ाई का वास्तविक स्थिति जानना है कि उनके बच्चों की पढ़ाई का लेवल क्या है? वे सब इस प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से आमंत्रित हैं। समिति के कोषाध्यक्ष महेंद्र लांझी ने बताया कि अब तक समिति के द्वारा समाज के 22 प्रतिभावान छात्रों को 26,501 रुपए की सामाजिक सम्मान दिया जा चुका है और तीन परिवार को 4,000 दुर्घटना सहयोग राशि के साथ ही डिंडोरी और पिपरिया अहिरवार समाज को जमीन खरीदी हेतु 40,000 रूपए की सहयोग राशि प्रदान की गई। समिति के अध्यक्ष समाज के लोगों से प्रशिक्षण में अधिक से अधिक उपस्थित होने की अपील की है।

## शिखर युवा मंच द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दलदली में आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

- 264 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




शिखर युवा मंच द्वारा संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट टीम कबीरधाम एवं एसबीआई फाउंडेशन के विशेष सहयोग से विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम दलदली, बाजार परिसर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और चर्म रोग व सामान्य रोगों के निवारण, परामर्श व उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से 26 नवम्बर को स्वास्थ्य शिविर को आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 264 ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य विशिर का लाभ लिया। जिसमें 91 पुरूष, 126 महिलाएं तथा 47 बच्चे शामिल हैं। आयोजक शिखर युवा मंच के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में 61 ग्रामीणों की लैब जांच भी की गई। इस शिविर में मुख्य रूप से डॉ. सतीश तंबोली जय जगन्नाथ अस्पताल कवर्धा, डॉ. प्रकाश वर्मा राजनांदगांव, संतोष चौधरी, सेक्टर सुपरवाइजर, दलदली क्षेत्र, श्रीमती एफ. कलिहारी, सेक्टर सुपरवाइजर, तरेगांव जंगल क्षेत्र , श्रीमती अंजिता मरकाम, यादेश्वर सिंह, हीरामणी ग्वाला, पूर्व सरपंच, दलदली, बहादुर सिंह, सरपंच, कोयलारी, शिव डहरे, जिला समन्वयक, डॉ. लखन सिंह ठाकुर, डॉ. पुन्नीदास मानिकपुरी, मुकेश कुमार मानिकपुर (फार्मासिस्ट), राजेंद्र खूटे (लैब टेक्नीशियन), पुनाराम यादव ने अपना योगदान दिया। शिविर में चर्म रोग और सामान्य रोगों का निदान व उपचार, लैब जांच, ब्लड, शुगर, यूरिन आदि कर जरूरतमंद मरीजों को निः शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। अपने गांव में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से क्षेत्रवासियों में खासी खुशी देखने को मिली और उन्होने इसका लाभ लिया।

### शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में मनाया गया 76 वें एनसीसी दिवस



**स लोहारा।** शासकीय गजानंद मुक्तिबोध महाविद्यालय सङ लोहारा में 76 वां एनसीसी दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहसपुर लोहारा थाना से आशीष सिंह (एएसआई), समशेर खान, अमित गौतम, दुर्गेश टंडन उपस्थित थे। इनके समक्ष एनसीसी कैडेटों ने मार्च पास्ट किया। तत्पश्चात श्री सिंह द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य एवं गायन के माध्यम से देशभक्ति का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली, कबड्डी, रस्साकसी, दौड़, गोला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मंच पर मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से श्रीमती मोना बर्मन (एनसीसी प्रभारी), संदीप सोनकर (एनएसएस प्रभारी), रुपेश वर्मा, तुलेश्वर वर्मा, शत्रुहन राजपूत, सुश्री काजल साहू, सुश्री अंजू महोबिया, विवेक चौहान, गिरीश कुमार, गौरव कुमार, गिरधारी वर्मा, डॉ.ज्योति चंद्रवंशी,समस्त कार्यालयीन स्टाफ, भूतपूर्व एवं वर्तमान एनसीसी कैडेट,महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। जिन्होंने बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम को रोचक बनाया।

### जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 4 दिसम्बर तक

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय सीमा की बैठक में राज्य शासन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 4 दिसम्बर तक चलने वाले पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजन की तैयरियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने परिवार नियोजन अभियान को सफल बनाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने बैठक में बताया की पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, प्रभावी और स्थायी विकल्प है और पखवाड़े के दौरान इससे जुड़े मिथकों को तोडने का प्रयास किया जाएगा। कबीरधाम जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पुरुषों को परिवार नियोजन के स्थायी और सुरक्षित तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पखवाड़े के दौरान पुरुष नसबंदी और कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पखवाड़े की थीम आज ही शुरुआत करें, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें के माध्यम से परिवार नियोजन में सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण, मोबिलाइजेशन चरण (21-27 नवंबर), जागरूकता फैलाने और पुरुषों को नसबंदी के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर केंद्रित है। दूसरा चरण, सेवा चरण (28 नवंबर-4 दिसंबर), के दौरान जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर इच्छुक पुरुषों के लिए निःशुल्क नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह प्रक्रिया पूरी तरह से चीरे और टांके से मुक्त है, जिससे व्यक्ति जल्दी ही अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक जिले में 125 पुरुष नसबंदी प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीष चंद्रवंशी ने कहा कि जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर, व्यक्तिगत परामर्श, प्रचार सामग्री वितरण, और सास-बहू सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए सरकार नसबंदी करवाने वाले लाभार्थियों को 3,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि बैंक खाते में प्रदान कर रही है।

# कवर्धा सहित अंचल में पड़ने लगी कड़ाके की ठंड

## वनांचल में ठंड के साथ सर्द हवा के झोंके भी



- आने वाले दिनो और ज्यादा बढ़ सकती है ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बनते बिगड़ते मौसम के बीच नवम्बर माह के अंतिम दिनो में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है और इन दिनो जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर जिले के ग्रामीण तथा वनांचल ईलाकों में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इन दिनों प्रायः सभी जगह कड़ाके की ठंड पड़ रहीं है जिससे राहत पाने के लिए लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। जहां तक शहरी और मैदानी इलाकों में ठंड का असर सहन शक्ति के दायरे में है लेकिन वनांचलों में शीतलहर का कहर दूबर को दो अषाढ़ साबित हो रहा है। वनवासियों के लिए दिन का समय तो सूरज की गुनगुनी धूप के सहारे सुकून के साथ बीत जाता है किन्तु रात काटना बेहद कष्टकारी हो रहा है। जंगलों और पहाड़ो के बीच बसी बस्तियों में वनवासियों की रातें अलाव के सहारे कट रही है। हालांकि जमाने के साथ वनवासियों के रहन सहन में भी बदलाव आया है और वे भी अब तमाम भौतिक संसाधनों के साथ गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे है फिर भी अभी बहुसंख्यक वनवासियों के पास इस तरह की सर्दी से निजात पाने लायक गर्म कपड़े नहीं होते और उन्हें अपनी राते कांपते ठिठुरते अथवा अलाव के सहारे गुजारनी पड़ती है। विकासखण्ड बोड़ला के शीतलपानी, भोंदा, पालक, बाहपानी, चिल्फीघाटी, विकासखण्ड पंडरिया के पहाड़ी इलाके में स्थित चियांडाड, भैसाडबरा तेलियापानी आगरपानी झूमर बोहिल जैसी तमाम बैगा बस्तियों में ठंड का असर खासा महसूस किया जा रहा है वही पहाड़ों से नीचे के गांवों में भी शीतलहर के चलते शाम ढलते ही जनजीवन ठप्प हो जाता है ओर लोग घरों में दुबक जाते है। अंचल के गांवों में शाम के सात-आठ बजने तक सन्नाटा छा जाता है। आदमी तो आदमी गांवों की पहरेदारी करने वाले और प्रायः चौक चौराहों में झुंड के झुंड एकत्रित होकर बेवजह भौंकते हुए लोगों की नींद हराम करने वाले आवारा कुत्तों की भी सिट्टी पिट्टी गुम रहती है। रात के समय गांवों में खोजने पर भी किसी कुत्ते की झलक नहीं मिलती है। बहरहाल बढ़ती ठंड से लोगों की दिनचर्या तो प्रभावित हुई ही है यहां देर रात तक मटरगस्ती करने वाले लड़के फिलहाल किसी सुशील और शरीफ औलाद की तरह परिवार के बीच पाए जा रहे है ना ही ब्रम्ह मुहुर्त में उठकर प्रतिदिन मार्निंग वॉक करने और सुबह की हवा को लाखों की दवा बताने वालों की भी हवा निकल गई है। ऐसी सर्दी में वे भी भाड़ में जाए सुबह की हवा कहने लगे है। इसके अलावा पूरे अंचल मं सर्दी खांसी और वायरल बुखार स्नोफिलिया का प्रकोप भी बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनो ठंड और ज्यादा बढ़ सकती है।

### आयुष्मान कार्ड अभियान और जन औषधि केंद्र खोलने के निर्देश

**कवर्धा।** कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों के माध्यम से अभियान चलाने का निर्देश दिया। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण देकर इन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। साथ ही, लोहारा, पिपरिया, बोडला, और कुकदूर में जन औषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया तेज करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में होना चाहिए, ताकि जिले के नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

राजनांदगांव स्थित एबिस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पहुंची टीम

## अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियां ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



शिक्षा और सिद्धांत का संगम अभ्युदय विद्यालय के कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियो को उद्योगिक परिवेश से परिचय एवं क्रय-विक्रय से लेकर उत्पादन एवं समायोजन के प्रत्येक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से गत दिनो संस्कारधानी राजनांदगांव स्थित एबिस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। वाणिज्य संकाय के वरिष्ठ शिक्षक विपिन बैद एवं सहयोगी शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी तैवेत के मार्गदर्शन में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियो को आइबी ग्रुप के प्रतिष्ठित इकाई एबिस एक्सपोर्ट्स इंडिया में उद्योगिक यात्रा पर जाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस यात्रा में विद्यार्थियो को विभिन्न उद्योगों की जटिलताओं का अन्वेषण करने का अनोखा अवसर प्रदान किया गया। जिनमें चावल की भूसी संयंत्र, पोल्ट्री, मत्स्य पालन एवं अन्य भी शामिल हैं। इस उद्योगिक यात्रा में विद्यार्थियों ने प्रसंस्करण और पैकेजिंग इकाइयों के बारे में सूक्ष्म ज्ञान सीखा समझा और कच्चे माल को तैयार उत्पादों में बदलने की प्रक्रिया को पहली बार प्रायोगिक रूप से देखने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके साथ विद्यार्थियो को कंपनी की विपणन टीम ने अपनी रणनीतियों के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की, जिससे छात्र -छात्राओं को उद्योग में प्रभावी विपणन के महत्व को समझने में मदद मिली। इसके अलावा इस महत्वपूर्ण उद्योगिक यात्रा में हमारे विद्यार्थियो ने उद्योगों के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना, जिनमें उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। जो कि उनके एकेडमिक स्तर में शैक्षणिक योग्यता के उतरोत्तर विकास में सहायक है। संस्था प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने वाणिज्य संकाय के शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियो को उनके उद्योगिक यात्रा के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

## नेशनल कराते प्रीमियर लीग में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में गत दिनो नेशनल कराते प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। जिसमे भारत के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने अपने कराते खेल का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले से चार खिलाड़ी शैली पाली सीनियर वर्ग, पेखराज साहू जूनियर वर्ग, फाइज़ रजा बेग एवं दिव्यांशी खुसरे सब जूनियर वर्ग से अपने-अपने कराते खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में अपना स्थान बनाया। जिसमे सीनियर वर्ग में शैली पाली ने कुमिते इवेंट में रजत पदक, पेखराज साहू ने जूनियर वर्ग के काता इवेंट में कास्य पदक, फाइज़ रजा वेग ने सब जूनियर वर्ग के काता और कुमिते इवेंट में कास्य पदक प्राप्त किया। दिव्यांशी खुसरो ने भी सब जूनियर वर्ग में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पांचवा स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों ने अपने अनुभव और कड़े प्रयास का बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसका लाभ उन्हें आने वाले टूर्नामेंट में मिलेगा। जानकारी के मुताबिक सभी खिलाड़ी नियमित रूप से करपात्री विद्यालय में अभ्यास करते है और आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर कबीरधाम जिला कराते संघ के पदाधिकारी, अभिभावक ने शुभकामनाएं दी है।